






## एक नजर में

### डाक घरों से बनवा सकते हैं जीवन प्रमाण पत्र

**नीमच।** मंदसौर डाक संभाग के अंतर्गत मंदसौर एवं नीमच जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण पोस्ट ऑफिस के माध्यम से पेपरलेस प्रक्रिया के द्वारा पेंशनर्स के जीवन प्रमाण-पत्र बनाने के लिए एक से 30 नवम्बर 2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के समस्त पेंशनर मंदसौर एवं नीमच जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण डाकघरों के माध्यम से पेपरलेस प्रक्रिया से जीवन प्रमाण-पत्र बनवाने की सुविधा का लाभ उठा सकते है इसके लिए 70/- शुल्क देय है। यह जानकारी डाकघर मंदसौर सुश्री मनीषा ने दी।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 24 को

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की कार्यकारी समिति की बैठक 24 नवम्बर 2025 को सांय 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित की जा रही है। बैठक में अद्यतन जानकारी के साथ सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आगृह किया गया है।

### अल्कोलाइड कारखाना का हवाई क्षेत्र नो ड्रोन झोन घोषित

**नीमच।** जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1) के तहत शासकीय अफीम एवं क्षारोद कारखाना नीमच म.प्र. परिसर के ऊपर के हवाई क्षेत्र को नो ड्रोन झोन घोषित कर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से 16 नवम्बर 2025 से 14 जनवरी 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

### शहरी साख संस्थाओं में सदस्य अपने जोखिम पर ही राशि जमा करें : डाबर

**नीमच।** आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं म.प्र.भोपाल के निर्देशानुसार म.प्र.सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के अंतर्गत पंजीकृत शहरी साख सहकारी संस्थाओं (क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी) के सदस्यों जमाकर्ताओं को परामर्श दिया गया है, कि वे स्वंय अपनी रिस्क पर ऐसी शहरी साख सहकारी संस्थाओं में राशि जमा करावें। भविष्य में यदि ऐसी शहरी साख संस्थाओं द्वारा जमाकर्ताओं की राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो इसके लिए पंजीयक, संयुक्त पंजीयक, उप सहायक पंजीयक जिम्मेदार नहीं होंगे। यह जानकारी सहायक आयुक्त सहकारिता नीमच श्री राजू डाबर ने दी।

### प्रधानमंत्री द्वारा 21 वीं किसान सम्मान निधि किशत हस्तांतरण का सीधा प्रसारण



**नीमच।** कृषि विज्ञान केन्द्र, नीमच में दिनॉक 19.11.2025 को पीएम लाईव कार्यक्रम अंतर्गत किसान सम्मान निधि की 21 वी किश्त के हस्तांतरण का सीधा प्रसारण कोयम्बटूर, तमिलनाडू से दिखाया गया। इस कार्यक्रम को जिले के नीमच, जावद एवं मनासा विकासखण्डों के किसानों एवं किसान महिलाओं ने देखा। कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री ने सिंगल क्लिक द्वारा 9 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में कुल 18 हजार करोड़ राशि का हस्तांतरण किया। माननीय प्रधानमंत्री जी ने दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती समिट 2025 का उद्घाटन कर प्राकृतिक खेती को देश में बढ़ावा देने की बात की। साथ ही प्राकृतिक कृषि पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम जिले के किसानों ने कृषि विज्ञान केन्द्र में लाइव देखा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रसारण पूर्व केन्द्र के प्रमुख डॉ. सी. पी. पचौरी ने कार्यक्रम की रुपरेखा बताने हुए जिले के किसानों को प्री रबी तकनीक की नवीतम जानकारी दी। डॉ एस. एस. सारंगदेवोत ने पौध संरक्षण, डॉ. शिल्पी वर्मा ने पोषण प्रबंधन, डॉ. जे. पी. सिंह संतुलित उर्वरकों के बारे में जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषक हितैषी योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला।

### सांसद प्रतिनिधि एवं समाजसेवी दानदाता का सम्मान



**पिपलियामण्डी।** पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पिपलियामंडी में गरिमामय समारोह में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति में सांसद लोकसभा माननीय सुधीर गुप्ता द्वारा मनोनीत सांसद प्रतिनिधि इन्द्रजीत भट्ट तथा क्षेत्र के समाजसेवी एवं करणी सेना के कोषाध्यक्ष, मुंदड़ी निवासी कृष्णपालसिंह शक्तावत का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। ज्ञातव्य है कि समाजसेवी कृष्णपालसिंह शक्तावत ने महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति हेतु शासन द्वारा निर्धारित ? 25,000 की सदस्यता शुल्क राशि प्रदान करने की घोषणा की है। समिति की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय की पंजीकृत जनभागीदारी समिति जनसहयोग से महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु गठित की जाती है। आमतौर पर शासन किसी जनप्रतिनिधि या समाजसेवी को समिति का अध्यक्ष मनोनीत करता है। अध्यक्ष की अनुपस्थिति में स्थानीय वरिष्ठ राजस्व अधिकारी पदेन अध्यक्ष के रूप में कार्यभार देखते हैं। समिति में विधायक प्रतिनिधि और सांसद प्रतिनिधि सहित अन्य सदस्यों का प्रावधान है। सांसद प्रतिनिधि इन्द्रजीत भट्ट ने सम्मान हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें विगत दो कार्यकालों के दौरान भी जनभागीदारी समिति के माध्यम से विद्यार्थियों को योग एवं व्यायाम प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का अवसर मिला।

### नाबालिग अपहर्ता बरामद, आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**भानपुरा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बच्चों की सुरक्षित दस्तयाबी के अभियान में भानपुरा पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ हेमलता कुरील तथा एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद्र दांगी व टीम ने नाबालिग अपहर्ता को महाराष्ट्र के धाराशीव जिले से बरामद किया। 14 नवम्बर को सम्मतखेड़ी निवासी परिजनों ने नाबालिग लड़की के गायब होने व तुफान बंजारा पर बहला-फुसलाकर ले जाने का संदेह जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तकनीकी व वैधानिक खोजबीन के आधार पर पुलिस ने आरोपी तुफान पिता प्रकाश बंजारा (निवासी जालखेड़ी) को महाराष्ट्र के अवार पीपरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया, जहाँ वह नाबालिग को झोपड़ी में रखकर मजदूरी कर रहा था। पीड़िता के बयान व मेडिकल परीक्षण के बाद प्रकरण में पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराएँ बढ़ाई गईं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। भानपुरा पुलिस टीम—निरीक्षक आर.सी. दांगी, उनि जोरसिंह डामोर, सउनि विक्रमसिंह चौहान, आरक्षक बहादुर भूरिया, धनराज गुर्जर, नेमाराम एवं महिला आरक्षक प्रियंका भदौरिया—के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की जा रही है।



# मंदसौर में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 17 किमी लंबी भव्य पदयात्रा

▸ **जगह-जगह हुआ स्वागत**



**मंदसौर.** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को एडीफाई स्कूल से भव्य पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। रैली लगभग 17 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहा, मंदसौर पर संपन्न हुई।

पदयात्रा एडीफाई स्कूल से श्रीजी कॉलेज, गुराड़िया दीदा, रलायता, मुल्तानपुरा चौपाटी, भुन्याखेड़ी, श्रीकोल्ड चौराहा होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से निकली। ग्रामीणों व शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा व जलपान कराकर पदयात्रियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, राधेश्याम पाटीदार, देवीलाल धाकड़, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, एनसीसी छात्र, जन अभियान परिषद, विद्यार्थी, अधिकारी एवं कर्मचारी भी पदयात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर में उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

## मातृशक्ति अपने बच्चों को लक्ष्मीबाई बनाए : ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी

▸ **महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और पराक्रम के कारण आज भारत में महिलाओं को सम्मान मिल रहा है**

**मंदसौर।** दशपुर जागृति संगठन द्वारा वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का जन्मदिवस महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वरिष्ठ दीदी हेमलता ने कहा कि आज देश में महिलाओं को मिल रहा सम्मान लक्ष्मीबाई के शौर्य और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने मातृशक्ति से आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को फिल्मी आकर्षण की ओर न ले जाकर वीरांगनाओं के आदर्श पर चलने हेतु प्रेरित करें।

संगठन के सेवाभावी कार्यकर्ता कमल कोठारी ने बताया कि मंदसौर से देशभर में देशभक्ति गतिविधियों की प्रेरणा जा रही है। मथुरा के वरिष्ठ अधिवक्ता भगवान सिंह ने इसे अद्भुत क्षण बताते हुए कहा कि इतने बड़े संगठन को 16 वर्षों से निरंतर कार्यरत देखना गर्व की बात है। राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका कीर्ति सक्सेना ने पहली बार हाइड्रोलिक मशीन के माध्यम से लक्ष्मीबाई प्रतिमा को माल्यार्पण कर सम्मान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में 1857 के क्रांतिकारी मंगल पांडे के नाम पर सेतु के नामकरण का प्रस्ताव भी रखा गया, जिसे नगर पालिका तक पहुँचाने का आश्वासन दिया गया। संगठन के संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम ने कहा कि सरकारी संपत्तियों का नामकरण देशभक्तों पर आधारित होना चाहिए, क्योंकि उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया।

## आज पार्श्वगायक भजन सम्राट कैलाश खेर मेला में कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, मेला सभापति श्रीमती प्रतिभा विक्रम भैरवे ने बताया कि आज दिनांक 20 नवम्बर, गुरूवार को रात्रि 8.30 बजे चन्द्रपुरा मेन रोड़ स्थित पशुपतिनाथ यात्री प्रतिक्षालय के सामने खुले मैदान में नपा परिषद के द्वारा 63वें भगवान पशुपतिनाथ महादेव मेला में पार्श्वगायक एवं भजन सम्राट कैलाश खेर के कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। नपा परिषद ने कैलाश खेर के कार्यक्रम हेतु विशाल मैदान का चयन किया है और वहां भव्य स्टेज भी कार्यक्रम के लिये तैयार किया गया है। नपा परिषद मंदसौर नगर व जिले के गणमान्य नागरिकों से आग्रह करती है कि वे इस कार्यक्रम का आनंद लेने हेतु मेला में अवश्य पधारे।

## निराश्रितों को सर्दी से बचाने अटल रेन बसेरा पर रात्रि में 25 बेड की व्यवस्था

▸ **सीएमओ श्रीमती बामनिया ने निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश**



**नीमच।** नगरीय प्रशासन विभाग आयुक्त द्वारा बढ़ती सर्दी के तहत निराश्रितों को रात्रि कालीन रैन बसेरा में आश्रय सुविधा उपलब्ध करवाने संबंधी दिए गए आदेश के तहत नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने मंगलवार रात नीमच सिटी रोड स्थित अटल रेन बसेरा का निरीक्षण कर वहां पर किए गए।

पेंट्स,फर्श व रिपेयरिंग कार्य को देखा तथा वहां आश्रय पाने वाले निराश्रितों से चर्चा करते हुए वहां उपलब्ध अलाव, गर्म कंबल एवं सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए वहां पदस्थ कर्मचारी को पर्याप्त साफ सफाई रखने, बिस्तर,चद्दर व कंबल साफ सुथरे रखने के निर्देश दीये। इसी के साथ सिटी मिशन मैनेजर प्रवीण आर्य को आश्रय स्थल के प्रचार प्रसार हेतु अनाउंसमेंट करवाने व रात्रि में नगर पालिका के वाहन से हितग्राहियों को आग्रह कर आश्रय स्थल पर लाने की व्यवस्था के निर्देश दिए। सिटी मिशन मैनेजर प्रवीण आर्य ने बताया कि निराश्रितों को नि:शुल्क रात्रि कालीन आवास हेतु अटल आश्रय स्थल पर 25 बेड की व्यवस्था है! ठंड के समय बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य खुले स्थानों पर रात बिताने वाले आश्रय विहीन निराश्रित अपना आधार कार्ड बात कर अटल रेन बसेरा में ठंड से बचाव हेतु रात्रि को निशुल्क आश्रय पा सकते हैं, इसके लिए आश्रय पाने वाले को अपना आधार कार्ड साथ में लाना आवश्यक होगा।



## नीमच में बाल एवं महिला हितैषी पंचायत निर्माण संबंधी कार्यशाला

**नीमच।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल एवं महिला हितैषी पंचायत विषय पर कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में जिले में संचालित पंख अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बुधवार को बाछड़ा समुदाय बहुल 40 पंचायतों के सचिवों व जनप्रतिनिधियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या की उपस्थिति में इस कार्यशाला में चयनित पंचायतों के 70 प्रतिभागियों ने भाग लेकर, अपनी पंचायत को बाल एवं महिला हितैषी पंचायत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यशाला में जिला समन्वयक श्री संदीप दिखित ने बाल संरक्षण, बाल अधिकार, जेंडर समानता, मानसिकता स्वास्थ्य, बाल विवाह अधिनियम 2006 व बाल हितैषी पंचायत विषय पर समूह चर्चा एवं पॉवर पॉइंट प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री पूजा मिश्रा एवं नुसरत खान ने महिला हिंसा एवं वुमेंस फ़ॉर हब की गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी अंकिता पंड्या ने पंचायतों की क्रियाशीलता, बाल विवाह, बाल एवं महिला हिंसा विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा, कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत जागरूकता जरूरी है। अंत में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी विनोद इक्का ने आभार व्यक्त किया।

## हेमा सरदेसाई ने पशुपतिनाथ महादेव मेला में अपने सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी

**मंदसौर।** 63 वें भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर नपा परिषद एवं मेला समिति के द्वारा प्रतिदिन रात्रि 8.30 बजे से देर रात्रि तक विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसके अंतर्गत मंगलवार की रात्रि को पार्श्व गायिका हेमा सरदेसाई ने अपने गीत संगीत के कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मुम्बई की सुप्रसिद्ध पार्श्वगायिका जो कि कई फिल्मों में प्लेबैक सिंगर के रूप में अपनी सुरीली आवाज दे चुकी है उन्होंने मेला के सांस्कृतिक रंगमंच पर अपनी अद्भुत प्रस्तुति से समा बांध दिया। उन्होंने रात्रि 9.30 बजे से देर रात्रि तक एक के बाद एक लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां दी। हेमा सरदेसाई ने ''आवरा भवरे जो होले होले गुनगुनाये.... कोयल की कु कु पपीहे की पीहू पीहू .... ।'' गीत से गीत संगीत की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने लोकप्रिय गीत ''हरे कृष्णा हरे रामा... प्रस्तुत किया। इन गीतों पर उन्हें श्रोताओं की खूब दाद मिली। उन्होंने बादल पर पाव है....'' एवं सन सनन.... ढूंढ के लाओ मेरा सजन...." गीत पर खूब प्रशंसा बटोरी। हेमा सरदेसाई ने ''जंगल है आधी रात है, लगने लगा है डर ............।'' और इश्क चांदी है इश्क सोना है...... हे जवानी तो इश्क होना है....।'कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा महिला नेत्री श्रीमती सुषमा आर्य, अनिता कोठारी, पत्रकार गोलू चौहान, ललित पटेल, भाजपा नेता भेरूलाल साहू, करणसिंह परिहार, गुड्डू बसेर, विपिन भादविया, पुष्कर अहिरवार, पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवानी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द जटिया, पूर्व महामंत्री राकी यादव ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया।




## पॉलीटेकनिक जावद में एक्सपोजर विजिट संपन्न

**नीमच।** शासकीय पोलीटेकनिक महाविद्यालय, जावद में मानक क्लब का गठन किया गया है। भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल के निर्देशानुसार महाविद्यालय में बुधवार को मानक क्लब के सदस्य विद्यार्थियों हेतु एक्सपोजर विजिट के तहत नीमच जिले के भरभडिया ग्राम में स्थित हकीमीरोपइंडस्ट्री का भ्रमण कराया गया। यह भ्रमण विद्यार्थियों को उद्योगों के व्यावहारिक पहलुओं को जानने, तकनीकी कार्यप्रणाली समझने, आवश्यक दक्षताओं से परिचित कराने तथा उन्हें पोलीटेकनिक कोर्स के पश्चात स्वरोजगार उद्यमिता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

भृमण के दौरान हकीमिरोप इंडस्ट्री के प्रोडक्शन मैनेजर श्री सत्येंद्र तिवारी तथा एच.आर. मैनेजर मनोजकुमार चौहान ने विद्यार्थियों को उद्योग में कार्य के दौरान उपयोग किए जाने वाले सुरक्षा नियमों की जानकारी दी एवं उद्योग परिसर में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप निर्मित किए जाने वाले नायलोन रोप, वायर रोप के गुणवत्तापूर्वक निर्माण, पैकेजिंग एवं ट्रांसपोर्टेशन प्रक्रिया से अवगत कराया। इस भ्रमण में शासकीय पॉलिटेकनिक महाविद्यालय जावद के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 30 विद्यार्थी एवं भारतीय मानक ब्यूरो पोलीटेकनिक शाखा की मैंटोर सुश्री किरण महावर एवं व्याख्याता परमानंद पवार, व्याख्याता महेश कुमरे उपस्थित थे।

**एक नजर** ▸ **बच्चों को सर्दियों में स्कूल आने में नहीं होगी परेशानी, पढ़ाई में नहीं आएगी रूकावट : विश्नोई**

## दो शासकीय स्कूलों के 100 बच्चों को सर्दियों में लायंस क्लब ने प्रदान किए स्वेटर



**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर ने 19 नवम्बर को 'हम सेवा करते हैं' के अपने ध्येय के अनुरूप एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। स्व. श्री गजेंद्रकुमार सज्जनलाल मेहता की पुण्य स्मृति में लायन हेमंत मेहता एवं मेहता परिवार के सौजन्य से 100 स्वेटर तैयार कर शासकीय माध्यमिक विद्यालय, बालागंज क्रमांक 2 (गणपति चौक) और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालागंज के स्कूली बच्चों में वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास अधिकारी बी.एल. विश्नोई ने कहा कि स्वेटर वितरण का उद्देश्य सर्दियों के मौसम में बच्चों को ठंड से बचाना है इससे उन्हें सर्दियों में स्कूल आने में आसानी होगी और उनकी पढ़ाई में रुकावट भी नहीं आएगी। अध्यक्षता कर रहे क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने कहा कि वह और क्लब की टीम आगे भी इसी प्रकार के सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगी। श्री कुदार ने विशेष रूप से मेहता परिवार का आभार जताया, जिनके आर्थिक सहयोग से यह सेवा संभव हो पाई।

क्लब सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने मेहता परिवार को धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि यह सेवा कार्यक्रम स्व. गजेंद्रकुमार मेहता की याद में किया गया, जिन्होंने समाज सेवा के लिए अथक योगदान दिया था। मेहता परिवार का यह कदम 'नर सेवा ही नारायण सेवा' की भावना को जीता जागता रूप देता है । दोनो विद्यालयों के प्राचार्य ने लायन क्लब व मेहता परिवार की इस पहल की सराहना की। बच्चों ने भी गदगद होकर स्वेटर प्राप्त किया। इस अवसर पर दानदाता परिवार से शांता मेहता, हेमंत मेहता, क्लब के लायन जगदीश चौधरी, एमजेएफ सुभाष बग्गा, सुनील बाफना, डॉ. के.सी. श्रीमाल, डॉ. देवेन्द्र पुराणिक, जोन चेयरपर्सन डॉ. मजहर हुसैन, सुनील विजयवर्गीय, सुनील तलेरा, आशीष मण्डलोई, पंकज पोरवाल, गौरव रत्नावत, सहित विद्यालय स्टॉफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।